

एक नजर में

## कन्या हायर सेकंडरी मे विधिक साक्षरता शिविर लगाया छात्राओं को जानकारी दी पौधारोपण किया



**सरदारपुर।** गुरुवार को नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर के तहत स्कूली छात्राओं को जिला सत्र न्यायालय न्यायाधीश हेमन्त यादव ने बाल अपराध न्यायायिक संरक्षण के कानुनी अधिकार, न्यायाधीश अब्दुल्लाह एहमद ने राष्ट्रीय सेवा योजना, न्यायाधीश रश्मि वाल्टर द्वारा उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा, बचाव उपाय न्यायायिक नियम की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर आयोजन के पूर्व संस्था प्राचार्य रोहिणी सिंह, प्रशान्त शर्मा, तनवीर कुरैशी, सहित संस्था परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर समापन बाद संस्था परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण किया।

## नन्दलाई मे नवीन पंचायत भवन का विधायक ग्रेवाल ने किया भूमिपुजन

### 37 .50 लाख की लागत से होगा निर्माण



**सरदारपुर ।** विधायक प्रताप ग्रेवाल ने बुधवार को ग्राम नन्दलाई मे नवीन पंचायत भवन निर्माण कार्य का भूमिपुजन किया। नवीन पंचायत भवन की लागत 37.50 लाख रूपये है एवं प्रथम किश्त के रूप मे 18.75 लाख की राशि शासन द्वारा ग्राम पंचायत को प्रदान की गई है। भूमिपुजन कार्यक्रम के दौरान विधायक ग्रेवाल ने कहा कि जर्जर पंचायत भवन होने से जनप्रतिनिधीयो द्वारा विगत कई समय से मांग की जा रही थी यह नवीन पंचायत भवन आवश्यकताओ को ध्यान मे रखते हुए प्रशासनिक कार्यो के संचालन एवं जनसेवा के लिए एक सशक्त माध्यम बनेगा। भूमिपुजन कार्यक्रम मे सरपंच प्रतिनिधी राहुल औसारी, सचिव बालु सिंगार, सहायक सचिव सागर अजनार, पंच देवीलाल जाट, कैलाश डामर, सालेग्राम ओसारी, भारत ओसारी, ईश्वर ओसारी, संजय ओसारी, सोहन ओसारी, मुकेश ओसारी, मोहन ओसारी, रामलाल ओसारी, शंभु ओसारी, पुखराज जाट आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## हरियाली अमावस्या पर कन्या भोज का आयोजन



**बाकानेर ।** आज हरियाली अमावस्या पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में कन्या पूजन के पश्चात कन्या भोज का आयोजन हुआ आज कन्या पूजन एवं कन्या भोज के लाभार्थी बाकानेर बिजली विभाग के कनिष्क यंत्री श्री देवी सिंह सांवले जी को सौभाग्य मिला आपको बता दे की श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में महंत श्री सीताराम बाबा की प्रेरणा से सन 2017 से लगातार हर अमावस्या को कन्या भोज का आयोजन किया जाता है।

## लक्ष्मी गौशाला में हरियाली अमावस्या पर 251 पौधों का रोपण



**धार.** लक्ष्मी गौशाला द्वारा हरियाली अमावस्या पर किया गया वृक्षारोपण धार धार की जैतपुर स्थित श्री लक्ष्मी गौशाला में गौशाला समिति के सदस्यों व धार शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण किया गया 251 पौधों का पौधारोपण किया इस अवसर पर समिति के संरक्षण नरेश गंगवाल, राजेंद्र शर्मा ,समिति के अध्यक्ष नरेश राजपुरोहित ,सचिव राजेश हरोड़ ,उपाध्यक्ष नंदराम ,देवचंद बोडिया, मोहन पाटीदार, संजय खमनकर ,रामकिशोर जी पांडे, बृज किशोर वोडा, दिलीप व्यास, श्री कृष्ण जोशी, मुन्नालाल जी राठौड़, अमित, प्रफुल्ल दुबे ,के साथ ही शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे उक्त जानकारी समिति के सचिव राजेश हरोड़ द्वारा दी गई

## पूर्व विधायक पाटीदार को श्रद्धांजलि आज



**धार।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक पूर्व जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष किसान नेता श्री खेमराज पाटीदार का 20 जुलाई को बदनावर विधानसभा के ग्राम गजनोद में असमय निधन हो गया था। 25 जुलाई शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय में शाम 4 बजे भाजपा संयुक्त जिला संगठन धार द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई है जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष महंत निलेश भारती समेत जिले की सातो विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता जिला पदाधिकारी जनप्रतिनिधि गण मंडल अध्यक्ष,मंडल पदाधिकारी एवं भाजपा कार्यकर्ता श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर स्व पाटीदार जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# मां वाग्देवी समरसता कावड़ यात्रा 28 जुलाई को

**धार , प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी मां वाग्देवी व भोजशाला की मुक्ति एवं उनके गौरव की पुनर्स्थापना के संकल्प के साथ महाराजा भोज स्मृति वसंत उत्सव सामंत द्वारा प्राचीन परंपरा का निर्वाह करते हुए पवित्र श्रावण माह के तीसरे सोमवार दिनांक 28 जुलाई सोमवार को भव्य मातृशक्ति कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है।**



महाराजा भोज उत्सव समिति के माध्यम से धार नगर की मातृशक्तियों द्वारा भगवान धारनाथ का विभिन्न तीर्थों के पवित्र जल से जलाभिषेक किया जाता है। इस वर्ष भी पवित्र श्रावण माह के तृतीय सोमवार को धार नगर के अति प्राचीन नाग चंद्रेश्वर मंदिर से मातृशक्ति कावड़ यात्रा प्रात 10ः00 बजे प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई भोजशाला दर्शन कर धार के अधिष्ठाता भगवान धारेश्वर मन्दिर पहुंचकर पवित्र जल से मातृशक्ति द्वारा भगवान धारनाथ का जलाभिषेक किया जाएगा।

मां वाग्देवी समरसता मातृशक्ति कावड़ यात्रा का यह 23 वाँ वर्ष है। प्रतिवर्ष नगर की हजारों मातृ शक्तियों द्वारा कावड़ यात्रा में सम्मिलित होकर भगवान धारनाथ का जलाभिषेक कर पवित्र श्रावण माह में पुण्य लाभ अर्जित किया जाता है ।

मां वाग्देवी समरसता मातृशक्ति कावड़ यात्रा हेतु यात्रा संरक्षक का दायित्व सरला पांडर ,चंदा भाभर , कलावती रघुवंशी, एवं सुनीता शर्मा को दिया गया है। साथ ही कावड़ यात्रा संयोजिका श्रीमती सुमन जाट जेतपुरा एवं सहसंयोजिका श्रीमती ज्योति अटारे को बनाया गया है। मां वाग्देवी मातृशक्ति कावड़ यात्रा की विभिन्न व्यवस्थाओं हेतू ज्योति मंदिर में कार्यकर्ताओं की वृहद बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में समिति के वरिष्ठ गोपाल शर्मा, राजेश शुक्ला, हेमंत दौराया द्वारा मार्गदर्शन किया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष सुरेश जलोदिया व महामंत्री सुमित चौधरी द्वारा विभिन्न व्यवस्थाओं का दायित्व श्याम मालवा, योगेश देवड़ा, बंटी राठौर, निखिल जोशी, विक्रम लववंशी ,श्याम बड़ू बाबर, सतीश सोनी, बड़ू बाबर, बलराम प्रजापत, संजय शर्मा, जगदीश राठौर दिनेश पटेल, व पप्पू सेन को दिया गया।

महाराजा भोज उत्सव समिति द्वारा नगर की समस्त धर्म परायण मातृ शक्तियों से समिति आव्हान करती है कि इस मातृशक्ति कावड़ यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर पवित्र जल से भगवान धारनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित करें ।उक्त जानकारी समिति के महामंत्री सुमित चौधरी द्वारा दी गई।

## भोपाल शपथ समारोह में कुक्षी पोरवाल समाज की सहभागिता



**कुक्षी ।अंतर्राष्ट्रीय पोरवाल वैश्य फेडरेशन दिल्ली द्वारा राज्य स्तरीय पोरवाल वैश्य फेडरेशन मध्यप्रदेश इकाई का भोपाल में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ.इसमें में यहां के पोरवा? समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी भी शामिल हुए।**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का उद्देश्य संपूर्ण वैश्य समाज को जोड़कर उन्हें सामाजिक, आर्थिक ,राजनीतिक रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि वैश्य समाज किसी समय बहुत मजबूत होता था , लेकिन बाद के समय में वह कई घटकों में बट गया है। ऐसे सभी घटकों को अब आईपीवीएफ फेडरेशन के माध्यम से संगठित किया जा रहा है। इसके माध्यम से समुचित समाज के विकास की बात की जाएगी ।संस्थापक राकेश पोरवाल जी ने कहा कि अंतर्राष्टीय पोरवाल वैश्य महासम्मेलन बनाने का उद्देश्य समाज को एकजुट कर इसके माध्यम से समाज के सभी घटकों को एक प्लेटफार्म पर लाने की बात कही.

इस मौके पर महासभा के राष्टीय अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने अंतर्राष्टीय पोरवाल वैश्य फेडरेशन दिल्ली के अंतरराष्टीय युवा अध्यक्ष के रूप में शपथ ली.उनके साथ राज्य स्तर पर कुक्षी के राजेंद्रसाजी गुप्ता, इंजीनियर दिनेश कुमार गुप्ता इंदौर, एडवोकेट राजेंद्र गुप्ता,दिनेश गुप्ता गोल्डन,बालकृष्ण गुप्ता अलीराजपुर ने भी शपथ ली।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अंतर्राष्टीय वैश्य महासम्मेलन के अंतर्राष्टीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल दिल्ली,एवं विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्टीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद गोयल उपस्थित थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता अंतर्राष्टीय पोरवाल वैश्य महासम्मेलन के संस्थापक राकेश पोरवाल एवं अन्तर्राष्टीय अध्यक्ष इंजीनियर गोपाल दासजी गंगराड़े ने की। आयोजन में दशा वैष्णव पोरवा?,पद्मावती पोरवाल, गंगराड़े, पोरवाल, गुप्ता, लाड़, पुरवार, समाज सहित विभिन्न घटको के बंधु उपस्थित थे।



## पेड़ों के बिना हो जाएगा जीवन अपूर्ण

### वृक्षारोपण करके करो प्रकृति को परिपूर्ण

**धरमपुरी ।** नगर परिषद धरमपुरी जिला धार में आज दिनाक 24/07/2025 को हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया एवं नवांकुर सखी को पौधे वितरण व पौधे रोपण का कार्यक्रम रखा गया । जिसके अंतर्गत सरस्वती शिशु विद्या मंदिर धरमपुरी में प्राचार्य भूरेसिंह मौर्य, शिक्षकों एवं बच्चों के साथ मिलकर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ जियाउल हक़ के द्वारा पौधे रोपित किये गये हैं। आगामी दिनों में अभियान चलाकर नगर के अन्य क्षेत्रों में भी वृक्षारोपण किये जायेंगे। इस अभियान का उद्देश्य नगरीय क्षेत्र में हरियाली को ब?ाना पर्यावरण संरक्षण को ब?ावा देना और जन भागीदारी को सशक्त बनाना है। कार्यक्रम के दौरान निकाय के नगर पालिक अध्यक्ष महोदया जी , मुख्य नगर पालिका अधिकारी बलराम भूरे, नगर के एसटीपी इंजीनियर अभिषेक प्रजापति, अंकित सोनी, सोनू राठौड़, सौरभ राठौड़, सीओ सज्जन सिंह बघेल, गोविंद वास्केल, अल्पेश भावसार, अमृत कंसलटेंट रूपेश सोलंकी,निकाय के अन्य कर्मचारी एवं स्व सहायता समूह की महिला उपस्थित रही।



## कन्या हायर सेकंडरी मे विधिक साक्षरता शिविर लगाया छात्राओं को जानकारी दी पौधारोपण किया

**सरदारपुर।** गुरुवार को नगर के शासकीय कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया। शिविर के तहत स्कूली छात्राओं को जिला सत्र न्यायालय न्यायाधीश हेमन्त यादव ने बाल अपराध न्यायायिक संरक्षण के कानुनी अधिकार, न्यायाधीश अब्दुल्लाह एहमद ने राष्ट्रीय सेवा योजना, न्यायाधीश रश्मि वाल्टर द्वारा उपस्थित छात्राओं को घरेलू हिंसा, बचाव उपाय न्यायायिक नियम की विस्तृत जानकारी दी गई। शिविर आयोजन के पूर्व संस्था प्राचार्य रोहिणी सिंह, प्रशान्त शर्मा, तनवीर कुरैशी, सहित संस्था परिवार ने अतिथियों का स्वागत किया। शिविर समापन बाद संस्था परिसर मे एक पेड़ मां के नाम अभियान में पौधारोपण किया।

## टांडा में ब्राह्मण समाज की कार्यकारिणी गठित

**टांडा (धार)** मध्य प्रदेश खंडेलवाल ब्राह्मण समाज के आदेश अनुसार टांडा शाखा सभा का चुनाव संपन्न कराने हेतु पर्यवेक्षक के रूप में श्री शंकर लाल जी व्यास रिंगनोद एवं दिनेश जी मुछाला रिंगनोद व राजेश जी मुछाला के मार्गदर्शन में टांडा ब्राह्मण समाज के चुनाव नगर के प्राचीन नरसिंह मंदिर पर बैठक आयोजित कर निर्वाचन प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न काराए समाज बंधुओ ने सर्वानुमति से अध्यक्ष के रूप में विशाल कैलाशचंद जी शर्मा एवं युवा अध्यक्ष के रूप में गोपाल दिनेशचंद जी शर्मा और महिला संगठन के अध्यक्ष के रूप में श्रीमती प्रीति विशाल चोटिया को सर्वानुमति से अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया वह शाखा सभा के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में चयन भरतलाल जी मटोलिया को मनोनीत किया गया सभी के मनोनीत पर परिचित ईस्ट मित्र समाज बंधुओ परिवार जनों ने बधाई प्रेषित दी

## एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया

**लाबरिया ।** हरियाली अमावस के अवसर पर नगर कै शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैं एक पेड मा के नाम अभियान को लेकर वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित कियागाया जिसमें सरदारपुर अनुविभागीय ड्डस्र्द्बद्भड्डह्लद्ब स्ष्ठरू महोदया आशा परमार ,बीईओ विष्णु सर द्वारा हरियाली व पेड़ का मनुष्य जीवन में महत्व को लेकर विद्यार्थियों को बताया गया और विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जिसमे आम .जाम,नीम शीशम इत्यादि पोधे लगाये गए ।इसके साथ ह माध्यमिक विद्यालय परिसर में भी वृक्षारोपण किया गया.इस अवसर पर सरपंच प्र रमेश ओसारी,पत्रकार मयंक जायसवाल प्राचार्य लाभु चारण,जनशिक्षक अशिविनी शर्मा,अनिल जायसवाल,दिलीप गहलोत,बीपी शर्मा, पीयूष त्रिपाठी एचएम,दायमा सर सहित विद्यालय स्टाफ़ उपस्थित था.



एक नजर — खरसोड़ा विकास सेवा समिति ने किया जन अभियान परिषद कार्यक्रम आयोजित

## हरियाली यात्रा निकाली, नवांकुर सखियों को 100 अंकुरित पौधों का वितरण किया

**धार।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वाधान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत स्वैच्छिकता के आधार पर महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण तथा नवांकुर योजना एवं एक पेड़ मां के नाम से संबद्ध कार्यक्रम हरियाली अमावस्या के दिवस पर नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा का आयोजन गुरुवार को ग्राम खरसोड़ा में खरसोड़ा विकास सेवा समिति द्वारा किया गया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम गांव में हरियाली यात्रा निकाली गई एवं उसके उपरांत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तिरला थाना प्रभारी ज्योति पटेल, जन





अभियान जिला समन्वयक परिषद् नवनीत रत्नाकर,पर्यावरणविद अमृतलाल पाटीदार, एसआई फुलकुंवर सिसोदिया द्वारा नवांकुर सखियों को 100 अंकुरित पौधों का वितरण किया गया। तथा अतिथियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर ग्राम वासियों से चर्चा की गई और अतिथियों द्वारा पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान खरसोड़ा विकास सेवा समिति के अध्यक्ष विकास शर्मा,ज्योति ठकराल एवं मधु कटारे (पुलिस विभाग), जनपद सदस्य खेमराज लववंशी एवं इंदरलाल पटेल,सरपंच द्रौपदी सिंगारे, अशोक शर्मा, सीएमसीएलडपी मेंटर क्रमशः धर्मेंद्र राठौड़, सचिन प्रजापत, विष्णु पाटीदार, धर्मेंद्र शर्मा एवं ग्राम खरसोड़ा ,ओसरा, सिमलावदा , बलोदा, आकोदा, धामन्दा, उटावदा , छटीया की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विकास शर्मा द्वारा किया गया तथा आभार धर्मेंद्र राठौड़ ने माना।